मॉडल टेस्ट पेपर

कक्षा - आठवीं

विषय - हिंदी (द्वितीय भाषा)

समय- 3 घंटे कुल अंक- 90

भाग-क

प्रश्न-1. (i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'पक्षी' शब्द का पर्याय नहीं है ? 1

(क) खग (ख) पंछी (ग) विहग (घ) तोता

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'फूल' शब्द का पर्याय है? 1

(क) अम्बर (ख) पुष्प (ग) बीज (घ) गुलाब

(iii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें- 1

(क) शक्तिशाली (ख) शक्तिशालि (ग) सक्तिशाली(घ) शकतीशाली

(iv) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें- 1

(क) बुराईयाँ (ख) बूराइयाँ (ग) बुराइयाँ (घ) बूराईयाँ

(v) निम्नलिखित में से संज्ञा शब्द को चुनकर लिखें- 1

(क) बुरा (ख) शेर (ग) अनेक (घ) जब

(vi) निम्नलिखित में से संज्ञा शब्द को चुनकर लिखें- 1

(क) चढ़ना(ख) असफल (ग) मंदिर (घ) विशाल

(vii) 'हम लालकिला देखने जायेंगे' में से सर्वनाम शब्द को चुनकर लिखें- 1

(क) हम (ख) लालकिला (ग) देखने (घ) जायेंगे

(viii) निम्नलिखित में से सर्वनाम शब्द को चुनकर लिखें- 1

(क) गाड़ी (ख) आया (ग) बिठाकर (घ) मैं

(ix) 'गुरु जी ने बच्चों को बड़े प्यार से समझाया'-वाक्य में रेखांकित पद में सही कारक की पहचान करके लिखें- 1

(क) सम्प्रदान कारक (ख) कर्म कारक (ग) कर्ता कारक (घ) अपादान कारक

(x) 'भास्कर रेलगाड़ी देखने के लिए प्लेटफार्म के किनारे पर जा पहुँचा'-वाक्य में रेखांकित पद में सही कारक की पहचान करके लिखें- 1

(क) सम्बन्ध कारक(ख) कर्म कारक(ग) कर्ता कारक (घ) सम्प्रदान कारक

(xi) निम्नलिखित में सही विशेषण शब्द की पहचान करके लिखें- 1

(क) अनिल शर्मा (ख) प्रसिद्ध (ग) प्रशिक्षण (घ) दिखाया

(xii) निम्नलिखित में सही विशेषण शब्द की पहचान करके लिखें- 1

(क) पेड़ (ख) स्कूल (ग) हालत (घ) रंग बिरंगे

(xiii) निम्नलिखित में सही क्रिया शब्द की पहचान करके लिखें- 1

(क) हामिद (ख) हाथ (ग) फैलाता है। (घ) दोस्त

(xiv) निम्नलिखित में सही क्रिया शब्द की पहचान करके लिखें- 1

फिर बाबा ने घोड़े को रोका।

(क) फिर (ख) बाबा (ग) घोड़े को (घ) रोका

(xv) 'पिंजरे का शेर' पाठ में शेर किस धातु का बना हुआ था? 1

(क) लोहे का (ख) पीतल का (ग) लकड़ी का (घ) सीसा धातु का

(xvi) मेरा दम घुटता है के आधार पर बताएं कि पृथ्वी पर जीवन का मूल आधार क्या है? 1

(क) नाइट्रोजन (ख) ऑक्सीजन (ग) ओज़ोन (घ) हाइड्रोजन

(xvii) 'उद्घोषणा ' का अर्थ क्या है? 1

(क) ऊँची आवाज़ में कहना (ख) भेंट (ग) अपंग (घ) सहारा

(xviii) 'नीड़ ' का अर्थ क्या है? 1

(क) पक्षी (ख) मंत्र (ग) घोंसला (घ) पानी

भाग -ख :

(i) (क) निम्नलिखित में से किसी एक का लिंग बदलें -

सदस्य, लेखक

(ख) धोबी का स्त्रीलिंग होगा - धोबन (हां या नहीं) 2×1=2

(ii) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के वचन बदलें -

चिमटा , कहानी , पैसा 2×1=2

(iii) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के विपरीत शब्द लिखें -

धूप , जीवन , सुविधा 2×1=2

(iv) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की भाववाचक संज्ञा बनाएं –

मित्र , सभ्य ,पशु $2\times1=2$

(v) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का विशेषण बनाएं –

समाज, सम्बन्ध, भूगोल $2\times1=2$

(vi) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें –

जिसका पार ना हो , अच्छा व्यवहार, देखने वाला $2\times1=2$

(vii) निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाएं –

ओ शरारती वहां इस तरह की फिल्में नहीं होती 1

(viii) निम्नलिखित में सही कथन पर सही (√) और गलत कथन पर गलत (×) का निशान लगाइए :

(क) धर्म' शब्द में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( ) 1

(ix) रिक्त स्थान में उचित क्रियाविशेषण भरें

ये लोग क्यों ----------चल रहे हैं? (कल/धीरे-धीरे) 1

(x) रिक्त स्थान में उचित योजक शब्द भरें

मोहसिन इतना उदार नही है -------- यह जानकर भी वह उसके पास जाता है।(लेकिन/ क्योंकि) 1

(xi) रिक्त स्थान में उचित सम्बन्धबोधक शब्द भरें :

चार्वी और मेधावी अपने माता-पिता -------- धर्मशाला घूमने गयीं।

(के साथ/ के चारों ओर) 1

(xii) रिक्त स्थान में उचित विस्मयादिबोधक शब्द भरें :

----------तुमने ठीक पहचाना। (उफ/हाँ) 1

प्रश्न-3 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश का सरलार्थ करें । 5

ईश्वर का वरदान है माँ
सब रिश्तो में महान है माँ ।
जब जीवन का पाठ पढाती माँ
तब किताब बन जाती माँ ।

अथवा

होगी शांति चारों ओर,
होगी शांति चारों ओर,
होगी शांति चारों और एक दिन....
हो हो मन में है विश्वास,
पूरा है विश्वास
होगी शांति चारों और एक दिन ।

प्रश्न-4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ लिखें – 3X1=3

प्रतिमा , सतत , नेपथ्य , दैत्य , भाल.

प्रश्न-5 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में दें - 5 x1=5

(क) नमाज़ खत्म होने पर लोग क्या करते हैं ?
(ख) माँ का हथियार क्या है ? 'माँ' कविता के आधार पर लिखें ।
(ग) वाघा बॉर्डर के दोनों ओर कौन कौन से प्रसिद्ध नगर हैं ?
(घ) कपोतराज चित्रग्रीव ने कबूतरों को क्या सलाह दी ?
(ङ) तापमान किस गैस के कारण बढ़ रहा है ?
(च) बचपन से ही कल्पना चावला का क्या सपना था ?
(छ) कवि के अनुसार प्रायः दोस्त कैसे होते हैं ? 'गिरधर की कुंडलियां' पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

प्रश्न-6 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में दें - 3 x3=9

(क) पेड़ किस प्रकार वायुमंडल को शुद्ध करते हैं ? 'मेरा दम घुटता है' पाठ के आधार पर उत्तर दें।
(ख) हामिद का चिमटा रुस्तम ए हिंद कैसे है ?
(ग) साइंस सिटी में आपको देखने में जो सबसे अच्छा लगा, उसके बारे में लिखें ।
(घ) सहयोग के कोई दो उदाहरण दें । पाठ 'सहयोग' के आधार पर लिखें ।
(ङ) कल्पना चावला के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

प्रश्न-7. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखें – 10

अपने मित्र को जन्म दिन की बधाई देने के लिए पत्र लिखें ।

अथवा

अपने गांव के सरपंच को स्कूल के विकास में योगदान देने के लिए पत्र लिखें ।

प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150-200 शब्दों में निबंध लिखें – 10

स्वच्छता अभियान, सत्संगति, मोबाइल के लाभ और हानियाँ

प्रश्न-.9 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुहावरों / **लोकोक्तियों** का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए – 3X2=6

बाल भी बांका न होना, दिल दहला देना, हक्का-बक्का रह जाना, सिर मारना, एक पंथ दो काज

प्रश्न-10.(i) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पंजाबी शब्दों को हिंदी में लिखें - 3X1=3

ਈਸ਼ਵਰ , ਸਕੂਲ , ਪੰਦਰਾਂ, ਭਾਰਤੀ, ਛੁੱਟੀਆਂ

.(ii) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें - 2×1½ =3

(क) ਉਸਦਾ ਚਿਮਟਾ ਰੁਸਤਮੇ ਹਿੰਦ ਸੀ ।

(ख) ਕਲਪਨਾ ਚਾਵਲਾ ਨੂੰ ਸੰਗੀਤ ਬੇਹਦ ਪਸੰਦ ਸੀ ।

(ग) ਉਹ ਆਪਣੇ ਪਰਿਵਾਰ ਵਿਚੋਂ ਸਭ ਤੋਂ ਛੋਟੀ ਸੀ ।